प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–बांग्लादेश भारत का पड़ोसी प्रथम और एक्ट ईस्ट नीति का है आधार स्तंभ।
2. यूजी नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार पुलिस ने देवघर से छह लोगों को किया गिरफ्तार।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी जिलों में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जून से शुरू करने का दिया निर्देश।
4. झारखंड में दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय, अगले चार दिनों तक वज्रपात और बारिश को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट।

और

5. आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप में आज भारत और बांग्लादेश के बीच होगा मुकाबला।

********************

भारत और बांग्लादेश ने आज कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में डिजिटल और हरित भागीदारी, समुद्री सहयोग, स्वास्थ्य और चिकित्सा, अंतरिक्ष सहयोग, रेलवे संपर्क, समुद्र विज्ञान, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्र शामिल हैं। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच हुई बातचीत के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि बांग्लादेश, भारत की पडोसी प्रथम और एक्ट ईस्ट नीति का आधार स्तंभ है।

********************

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ने लगे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने देवघर से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र स्थित एम्स के नजदीक एक मकान में किरायेदार बनकर रह रहे थे और सभी पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज मामले में संदिग्ध हैं। इनमें बिहार के नालंदा जिले के बलदार विगहा निवासी पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिन्टु उर्फ बालदेव कुमार, नुरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा निवासी काजु उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ कारू का नाम शामिल है। इन्हें पुलिस अपने साथ पटना ले जाकर पूछताछ कर रही है।

********************

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति को एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। समिति, परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने और अनियमितताओं को रोकने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी। समिति मौजूदा प्रक्रिया का मूल्यांकन करेगी और सुधार संबंधी सुझाव देगी, साथ ही एनटीए के भीतर स्पष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगी। समिति वर्तमान शिकायत निवारण तंत्र का भी आकलन करेगी और आवश्यक सुधारों का प्रस्ताव करेगी। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी–एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

*******************

देवघर जिला प्रशासन श्रावणी मेले की तैयारी में जुट गया है।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 1 जुलाई को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है। राज्य निर्वाचन आयोग में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जून से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश प्राप्त हैं। इस दौरान सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर–घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार के सुधार कराने है, वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन समर्पित कर दें जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

*******************

रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरार आरोपित को गिरफ्तार नहीं करने के मामले में केस के आईओ एएसआई धीरज कुमार विश्वकर्मा को सस्पेंड कर दिया है। बताया गया है कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर के बैंक खाते से 27 लाख की अवैध निकासी हुई थी।

*******************

रांची पुलिस की अनुशंसा पर डीसी ने भू–माफिया सजाउद्दीन अंसारी को जिलाबदर किया है। सजाउद्दीन पिठोरिया इलाके में जमीन की खरीब–बिक्री का काम करता था। उपायुक्त न्यायालय से जारी आदेश के अनुसार उसे तीन महीने के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही थाना में उपस्थित होकर बंध पत्र भरने को भी कहा गया है।

*******************

गुमला के जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की बैठक हुई, जिसमें सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 14 में से 12 आवेदनों को अनुमोदित किया गया है। उग्रवादी हिंसा से संबंधित अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु एक आवेदन पर स्वीकृति प्रदान की गई।

*******************

लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत दुरु प्राथमिक विद्यालय में आज दूषित पानी पीने से 20 बच्चे बीमार पड़ गए। जिसके बाद सभी बच्चों को एंबुलेंस से चंदवा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का इलाज किया। हालांकि सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

*******************

ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को ठगने वाले तीन शातिर साइबर ठगों को धनबाद पुलिस ने झरिया से गिरफ्तार किया है। सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने आज झरिया थाना में

पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपियों के पास से एक पासबुक में एक करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन मिला है।

*******************

झारखंड में दक्षिण–पश्चिम मानसून सक्रिय होने के कारण अगले चार दिनों तक आंधी, तूफान और गरज के बारिश की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी सूचना के अनुसार कल और परसों राज्य में कई स्थानों पर तेज हवा और गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। कहीं–कहीं वज्रपात की भी आशंका है। केंद्र के अनुसार 25 जून को गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की आशंका है।

*******************

टी20 पुरुष विश्व कप क्रिकेट के सुपर 8 मैच में आज भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मैच नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में रात आठ बजे खेला जाएगा। आकाशवाणी इस मैच की लाइव कमेंट्री करेगा।

*********समाप्त*********